भोपाल | रविवार | 8 नवम्बर 2026 | वर्ष 70 | अंक 286 | पृष्ठ 12+4=16 | मूल्य रु. 6.00
navabharat.com | twitter.com/Nava_Bharat | fb.me/NavaBharat.Social



मुख्य पूजा मुहूर्त और विवरण

शुभ मुहूर्त (प्रदोष काल / वृषभ लग्न)
शाम 5 :54 से
रात 7 :50 बजे तक
(कुल अवधि : 1 घंटा 54 मिनट)

प्रदोष काल
शाम 5 :31 से
रात 8 :09 बजे तक

वृषभ काल (स्थिर लग्न)
शाम 5 :54 से
रात 7 :50 बजे तक

निशिता काल (रात्रि पूजन)
रात 11 :39 से 12 :31 बजे तक

शुभकामनाएं

नवभारत के सुधि पाठकों, विज्ञापनदाताओं, एजेंट बंधुओं और शुभेच्छुओं को दीपों के पर्व 'दीपावली' की हार्दिक शुभकामनाएं

संपादक

अवकाश

दीपों के पर्व दीपावली पर 8 नवंबर 2026 को नवभारत कार्यालय में अवकाश रहेगा. अत: अगला अंक 10 नवंबर 2026 को प्रकाशित होगा.

महाप्रबंधक

टेक महिंद्रा के एशिया हेड को गोली मारी

फरीदाबाद. फरीदाबाद में टेक महिंद्रा के एशिया हेड परमजीत धनखड़ की गोली मारकर हत्या कर दी गई. पड़ोसी मोनू शर्मा ने पिस्टल से उन पर करीब 15 राउंड फायरिंग की. परमजीत की मौके पर ही मौत हो गई. दोनों परिवारों में पार्किंग में कुत्ते को पॉटी कराने और गाड़ी पार्किंग को लेकर विवाद था.

अयोध्या : 30 लाख दीपों से भगवान श्रीराम का स्वागत



राम का भव्य दिव्य दीपोत्सव

- सरयू का तट दीयों की रौशनी और लेजर शो से हुआ जगमग

नवभारत न्यूज नेटवर्क


अयोध्या, 7 नवंबर. भगवान श्रीराम के अयोध्या पहुंचने के सुनहरे अवसर दीवाली पर 30 लाख दीप जलाकर भगवान श्रीराम का स्वागत किया गया. दसवें दीपोत्सव को भव्य बनाने के लिए सूर्यास्त होते ही 30 लाख दीपों से सरयू के तट रोशन हो गए. धर्मपथ पर 50 डिजिटल स्तंभों के जरिए रामायण के प्रसंग दिखाए गए. इससे पहले भगवान राम, सीता, लक्ष्मण और हनुमान पुष्पक विमान रूपी हेलीकॉप्टर से अयोध्या पहुंचे. यहां से रथ पर सवार होकर भव्य राम मंदिर तक पुष्पवर्षा के बीच पहुंचे.

अयोध्या में धर्मपथ पर 50 डिजिटल स्तंभों के जरिए रामायण के प्रसंग दिखाए

प्रकाश पर्व अंधकार के खिलाफ हमारे संकल्प का परिचय

इधर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को दीवाली पर शुभकामनाएं देते हुए कहा- पर्व पर पूरा देश रोशनी से जगमगा रहा है. प्रकाश का यह पर्व अंधकार के खिलाफ हमारे संकल्प का परिचय है. देशवासियों का आगे का समय सब कुछ सुख, शांति और समृद्धि से भरा हुआ रहे. मैं भी आपकी तरह बड़े उत्साह से दीपावाली मनाता हूं. हर वर्ष आप जानते हैं देश के वीर जवानों के बीच में जाना मेरा नित्य क्रम है, इस बार भी जारी रहेगा.


इससे पहले पीएम मोदी ने उपराष्ट्रपति भवन में दीवाली मनाई. इस दौरान उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने धार्मिक अनुष्ठान के दौरान प्रधानमंत्री मोदी के माथे पर तिलक लगाया.





रामराजा सरकार के दरबार में पहुंचे सीएम

वहीं, प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शनिवार को ओरछा पहुंचे. उन्होंने रामराजा सरकार मंदिर में दर्शन किए. मुख्यमंत्री ने लाला हरदौल बैठका में पूजा-अर्चना की और पुरातत्व उद्यान का निरीक्षण किया. उन्होंने रामराजा लोक के निर्माण कार्य तय समय में पूरा करने के निर्देश दिए.



दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं!

पेट्रोल में 31.2 फीसदी एथेनॉल जनता के साथ धोखा : राहुल

- 11 सैंपल में 20 फीसदी से ज्यादा एथेनॉल का दावा

नवभारत न्यूज नेटवर्क

वाशिंगटन, 7 नवंबर. कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पेट्रोल में निर्धारित सीमा से अधिक एथेनॉल मिलाए जाने के आरोपों को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है. उन्होंने कहा कि ई20 अब 420 बन गया है और जनता की गाड़ियों से पेट्रोल की चोरी हो रही है.



उन्होंने सरकार से देशभर में बिक रहे पेट्रोल में एथेनॉल की वास्तविक मात्रा सार्वजनिक करने की मांग की. राहुल गांधी ने कर्नाटक सरकार की ओर से कराई गई पेट्रोल जांच के नतीजों का हवाला दिया. उनके मुताबिक, राज्य के 7 जिलों से लिए गए 14 पेट्रोल सैंपल में से 11 में एथेनॉल की मात्रा निर्धारित 20 फीसदी से अधिक पाई गई. इंडियन ऑयल के एक सैंपल में 31.2 फीसदी और हिंदुस्तान पेट्रोलियम के एक सैंपल में 30.5 फीसदी एथेनॉल दर्ज किया गया.

तेल कंपनियों ने दावे को सिरे से नकारा

राहुल के दावे पर इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम ने संयुक्त बयान जारी कर आरोपों को खारिज करते हुए कहा है कि देशभर में सप्लाई किया जा रहा ई20 पेट्रोल भारतीय मानक ब्यूरो के तय मानकों के अनुरूप है. कर्नाटक में सितंबर 2026 के दौरान लिए गए 56 सैंपलों की निर्धारित प्रयोगशालाओं में जांच कराई गई थी. इनमें एथेनॉल की मात्रा 19 से 21 प्रतिशत के बीच पाई गई.